**खबर संक्षेप**

### मतदाता जागरूकता के तहत हस्ताक्षर अभियान

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार 19 अप्रैल को किया गया। कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित शपथ सभी शैक्षणिक संवर्ग एवं विद्यार्थियों को दिलाई गई। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ एस के खरे की अध्यक्षताएवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग के निर्देशन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक वर्ग लक्ष्मी नायक, डॉ नाहिद सिद्दीकी, डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, श्रीमती ज्योत्सना आट्या श्रीमती उर्मिला दुबे ,डॉ सरदार दिवाकर सहित विद्यार्थियों में गायत्री बर्मन, तुषार मेहरा ,स्वाति मौर्य, विक्रम सिंह, सृष्टि तिवारी एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

### मतदान सामग्री का वितरण 25 को

**कटनी।** लोकसभा समान्य निर्वाचन अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ के लिए कृषि उपज मंडी परिसर कटनी से मतदान दलों एवं सेक्टर अधिकारियों को 23 काउंटर के माध्यम से निर्वाचन सामग्री का वितरण 25 अप्रैल को तथा समग्री संग्रहण का कार्य 26 अप्रैल को किया जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा सामग्री वितरण एवं संग्रहण की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 23 आउंटर हेतु 23 दल प्रभारी नियुक्त किये है। इसके साथ ही प्रत्येक काउंटर की दो टेबिलों हेतु दो- दो कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में संबधित लोक सेवकों को मतदान केन्द्रों की सामग्री स्टोर रूम एवं स्ट्रांग रूम से प्राप्त कर 25 अप्रैल को वितरण करनें तथा मतदान उपरांत 26 अप्रैल को मतदान दलों से सामग्री प्राप्त कर निर्धारित स्थल पर जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस हेतु संलग्न लोकसेवकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण 23 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में आयोजित किया गया है।

### जागरूकता गतिविधियों का आज होगा आयोजन

**कटनी।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निगमायुक्त द्वारा स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरूकता साप्ताहिक कैलेंडर तैयार किया गया है। आज 20 अप्रैल शनिवार को सुरम्य पार्क में लोकतंत्र पर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सायं 5:00 बजे से शपथ गीत ,भजन ,नुक्कड़ नाटक ,नृत्य एवं भाषण प्रतियोगिता । दिनांक 21 अप्रैल को ऑटो रैली का आयोजन प्रातः 9.30 बजे, कार्यालय नगर निगम कटनी से मिशन चौक ,माधव नगर, विश्राम बाबा, दुगाड़ी नाला ,समदिड़या कॉलोनी, तांगा स्टैंड ,चावला चौक, पोस्ट ऑफिस, संजय नगर,ऑर्डिनेंस फैक्ट्री (ईस्टलैंड,वेस्टलैंड) छपरवाह एन के जे बजरिया होते हुए तिलक कॉलेज गर्ग चौराहा सुभाष चौक से नगर निगम में समापन होगा।

### तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के बाद भी दिखा उत्साह, सुबह से ही मतदान केंद्रो में लगी रहीं लंबी - लंबी कतारें

# ईव्हीएम में कैद हुआ प्रत्याशियों के दिल्ली दौड़ का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के लिए युवाओं सहित वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के बाद भी उत्साहित मतदाताओं ने कतारबद्ध होकर मतदान किया। बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के सभी 299 मतदान केंद्रों में सुबह से ही मतदाता मतदान करने मतदान केंद्र पहुंचने लगे थे। ताकि ये तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के प्रकोप से बच सकें। इस बार मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए छाया और पेयजल का समुचित प्रबंध किया गया है। मझगवा के मतदाता रमेश और हरिदीन ने उत्साह पूर्वक मतदान करने के बाद उपलब्ध व्यवस्थाओं और सुविधाओं की प्रशंसा की तो वहीं उमरिया पान की भाग संख्या 181 के 83 वर्षीय शिव कुमार चौरसिया ने बड़े उत्साह के साथ मतदान किया।

बडवारा के ग्राम मझंगवा के मतदान केंद्र क्रमांक 1 में सबेरे से ही महिला एवं पुरुष मतदाता अपनी- अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। जबकि हिरवारा के मतदान केंद्र 123 में भी निर्बाध रूप से मतदान जारी रहा, यहां मतदाता उत्साह पूर्वक कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।





#### कलेक्टर, एसपी ने किया निरीक्षण

कलेक्टर अवि प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने शुक्रवार प्रातः संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 शहडोल की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 91 बड़वारा के ग्राम धरवारा के मतदान केंद्र क्रमांक 159 एवं 160 सहित इमलिया मतदान केंद्र 162 एवं 163 और उमरियापान मतदान केन्द्र क्रमांक 179 से 186 बिजैया सरसवाही मतदान केन्द्र क्रमांक 150, मतदान केन्द्र क्रमांक 288 देवरी बिछिया, गुड़ा 271 मतदान केन्द्र क्रमांक, गोपालपुर 272 मतदान केन्द्र क्रमांक झिन्ना पिपरिया, लालपुर ओर दशरमन मतदान केन्द्रों का का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

#### जज्बे के सामने बौनी साबित हुई उम्र

शुक्रवार को मतदान के दौरान ग्राम मझगवां के प्राथमिक शाला भवन स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 1 में पहुंचकर 70 वर्षीय वरिष्ठ मतदाता रमेश ने मतदान किया। लाठी के सहारे मतदान केन्द्र पहुंचे रमेश ने मतदान करने के बाद खुशी का इजहार करते हुए मतदान की स्याही लगी अंगुली को अपने कांपते हाथों से उपर उठाकर दिखाया कि हॉ मैने कर दिया मतदान । मझगवां ग्राम के वार्ड नंबर 5 निवासी रमेश का 70 वर्ष की उम्र में मतदान करने का जज्बा देखते ही बन रहा था। रमेश के मतदान करने के जज्बे और जोश के सामने उनकी उम्रजनित वरिष्ठता बौनी साबित हुई।

#### सास - बहू ने किया मतदान

विधानसभा बड़वारा अंतर्गत ग्राम हिरवारा निवासी श्रीमती कंचन बाई अपने ससुराल में वोटर बनी तो उसे वोट डालने की बडी ललक थी। किन्तु घूघंट में संकोच कर रही थी। जब उन्होंने अपनी यह बात सास श्रीमती लक्ष्मी बाई को बताई तो लक्ष्मी बाई अपनी बहु कंचन को अपने साथ लेकर हिरवारा के माध्यमिक शाला भवन के मतदान केंद्र क्रमांक 126 के कक्ष क्रमांक 2 पहुंची। सास ने लाईन में बहू को आगे लगाकर बारी आने तक बहू से मतदान कराया और स्वयं भी मतदान किया। मतदान केन्द्र से बाहर आकर सास, बहू को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी करने पर गर्व हो रहा था। लक्ष्मी बाई ने बताया कि मैने आज बहू कंचन की मतदान करने की इच्छा पूरी की है इस दौरान बहू भी सास के साथ खुश नजर आई। मतदान केंद्र हिरवारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 126 में कुल 754 मतदाता है जिसमे 375 पुरुष और 379 महिला मतदाता है।



#### व्हीलचेयर में मतदान करने पहुंचे

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय क्षेत्र शहडोल हेतु जिले की विधानसभा बड़वारा अंतर्गत ग्राम मझगवा के वार्ड क्रमांक 5 निवासी 70 वर्षीय हरिदीन तोमर की एक्सीडेंट के कारण पैर की हड्डी टूट जाने के बावजूद भी मतदान के प्रति उनका जोश और जज्बा उनकी परेशानी के सामने बौनी नजर आई। हरिदीन ने अपने पुत्र कैलाश तोमर के साथ व्हील चेयर से मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के उपरांत हरिदीन ने कहा की मतदान करना सभी का कर्तव्य है। मैने तो वोट कर दिया आप सब भी मतदान करें।

### बड़वारा विधानसभा में मतदाताओं व कर्मियों से किया संवाद

## जिला पंचायत सीईओ ने दर्जन भर से अधिक मतदान केंद्रों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा संसदीय क्षेत्र शहडोल की विधानसभा बड़वारा में गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच लोकतंत्र के सशक्तिकरण हेतु मतदाताओं द्वारा उत्साह पूर्वक मतदान किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने ग्राम मझगवां के मतदान केंद्र क्रमांक 1,2,3, बिजोरी के मतदान केंद्र क्रमांक 96, रमगढ़ा के 44, विलायत कला के 43, 42, 41, गुड़ाकला के 40, पथवारी के 45,बिजौरी के 48 और भजिया के मतदान केंद्र क्रमांक 61, 63 64 का जायजा लेते हुए मतदान कर रहे मतदाताओं और मतदान कर्मियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने दर्जन भर से अधिक 14 मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। सीईओ श्री गेमावत ने सुरक्षाकर्मियों और मतदान कर्मियों से निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप प्रक्रियाओं का पालन करते मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं की बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखने को भी कहा ताकि मतदान के समय आवश्यक जानकारी के अभाव में मतदाता यहां वहां नहीं भटके।



बीएलओ मतदाताओं को सूचित कर मतदान केंद्र में लाएं

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने निर्वाचन कार्य कर रहे मतदान कर्मियों से मतदाता प्रतिशत एप के द्वारा मतदान प्रतिशत की जानकारी ली और बीएलओ को मतदाताओं को सूचित करते हुए मतदान केंद्र तक मतदान हेतु लाने के निर्देश दिए। मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने मतदान केदो में उपलब्ध विजिट सीट पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्य को निष्पक्ष, निर्विघ्न और शांतिपूर्ण ढंग से अत्यंत धैर्य के साथ त्रुटिहीन संपादित करें।

### दो गांवों में मतदान का बहिष्कार, समझाइश पर माने



मतदान का सशर्त बहिष्कार करने वाले बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महनेर और जगतपुर उमरिया के लोगो ने उत्साहपूर्वक मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश में जिला पंचायत के सी.ईओ. शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में ग्रामीणों को विकास के लिए मतदान का महत्व समझाने महनेर गांव और जगतपुर उमरिया में स्वीप टीम पहुॅची। ग्रामीणों को समझाईश दी इसके बाद जगतपुर उमरिया मतदान केन्द्र क्रमांक 94 में प्रात: 9 बजे से मतदान शुरू हो गया। वहीं महनेर गांव के मतदान केन्द्र क्रमांक 195 में 10:30 बजे से मतदान प्रारंभ हो सका। यहां के ग्रामीणों ने बिजली और नहर की समस्या को बताकर पहले मतदान नहीं करने की बात कही थी। इसी प्रकार जगतपुर उमरिया के ग्रामीणों ने शराब दुकान हटाने को लेकर मतदान बहिष्कार करने की बात कही थी। लेकिन समझाइश के बाद दोनों ही गांवों के लोगो ने भारी मतदान किया शाम 5 बजे तक महनेर में 58 फीसदी और जगतपुर उमरिया में 51 प्रतिशत मतदान हो चुका है।

## कलेक्टर ने दो आदतन अपराधियों के विरुद्ध की बाउण्ड ओवर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन को संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने जिले के दो आदतन अपराधी के विरुद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बाउंड ओवर की कार्यवाही करते हुए एक वर्ष तक प्रतिमाह दो दिवस संबंधित क्षेत्र के थानों में उपस्थिति दर्ज करानें का आदेश पारित किया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की है।

जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत बरगवां निवासी जावेद खान पिता जाकिर खान उम्र 35 वर्ष तथा थाना कैमोर निवासी देवसरी के अंकित उर्फ हर्षित पिता श्याम सुंदर मिरा 20 वर्ष के विरूद्ध बाउण्ड ओवर की कार्यवाही की है। जावेद खान के विरूद्ध वर्ष 2006 से वर्ष 2023 तक कुल तक 19 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिनमें साथियों के साथ मिलकर चोरो की टोली बनाकर चोरी करना, रात्रि में घर एवं दुकानों में चोरी करने, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने, तोडफोड कर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, अवैध शराब का विक्रय करने, चाकू ,बका व बम लेकर लोगों को डराने धमकानें जैसे गंभीर अपराध शामिल है। जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा जावेद खान को एक वर्ष की अवधि तक के लिए प्रतिमाह 2 दिवस थाना रंगनाथ नगर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश पारित किया है। इसी तरह देवसरी कैमोर थाना निवासी अंकित उर्फ हर्षित मिश्रा पर 6 अपराध कायम है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा अंकित को एक वर्ष की अवधि तक के लिए प्रतिमाह 2 दिवस थाना कैमोर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश पारित किया है।

### सांई फेन्स क्लब द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई सांई शोभायात्रा, भंडारा प्रसाद का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

हर वर्ष क्ने तरह इस वर्ष भी ओम साईं राम कला दरबार साईं फेन्स क्लब द्वारा कटनी नगर क्ने प्रसिद्ध शेर चौक स्तिथ साईं मंदिर का 17 वा साईं शोभायात्रा का तीन दिवसीय आयोजन कियागया है जिसमे 17 अप्रेल को श्री साईं अभिषेक पूजन 18 अप्रेल को श्री साईं शोभायात्रा शाम 5 बजे से व 19 अप्रेल को साईं महाप्रसाद एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मे शहर की धर्मप्रेमी जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया महाआरती क्ने साथ शोभायात्रा प्रारम्भ हुई। बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा भजनो की शानदार प्रस्तुति रही शोभायात्रा मे डॉ रजनीश शास्त्री महाराज भी शामिल हुए। शोभायात्रा शेर चौक झंडा बजार सराफा घण्टाघर गर्ग चौराहा से मेन रोड होते हुए साईं मंदिर पर ही समापत हुयी। शोभायात्रा मे महापौर प्रीति संजीव सूरी भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ठंडन गुल्लु खम्परिया संदीप गुप्ता मंटू लल्लू सोनी रमेश सोनी नीरज दुबे सुमित जायसबल राजू गुप्ता रोहित साहू रौनक खंडेलवाल अबकाश जायसवाल नीतू गुप्ता सहित कमेटी क्ने सदस्य सहित आमजनों भी शामिल हुए।






### पहली बार आयोजित हो रहे पुस्तक मेले को मिल रहा जबरदस्त प्रतिसाद

## कम कीमत पर कॉपी-किताबें खरीदने बच्चों और अभिभावकों का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने तथा न्यूनतम एवं प्रतिस्पर्धी दरों पर किताबें, कॉपिया, यूनिफार्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने कलेक्टर श्री अवि प्रसाद की पहल पर सुभाष चौक के समीप साधुराम स्कूल परिसर में लगाये गये तीन दिवसीय पुस्तक मेले के दूसरे दिन आज देर शाम तक बच्चों और अभिभावकों का तांता लगा रहा। अपने किस्म के अनूठे इस पुस्तक मेले में करीब 25 लगाये गये है ।जिसमें पुस्तक के साथ साथ कॉपियां, स्टेशनरी, स्कूल बैग, यूनिफार्म, जूते, टाई के स्टॉल शामिल है। पुस्तक मेले को मतदाता जागरूकता अभियान से भी जोड़ा गया है तथा यहां स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। साथ ही स्वीप से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी मेले में किया जा रहा है।

न्यूनतम दर पर कॉपी-किताबें मुहैया कराने के उद्देश्य से जिले में पहली बार आयोजित इस मेले में अभिभावकों और बच्चों का तांता लगा हुआ है। इस दौरान संजय नगर निवासी कक्षा बारहवीं की छात्रा तान्या सिंह बहुत प्रसन्न दिखाई दे रही थी। तान्या ने बताया कि उन्हें पहली बार मेले में पाठ्य पुस्तकें खरीदकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां की कीमतें बाजार की दुकानों से कम है। कलेक्टर सर ने मेला लगवा कर बहुत ही बढ़िया कार्य किया है।



मतदाताओं को जागरूक करने यहां की प्रस्तुतियां आकर्षक और लुभावनी है। वहीं एक अन्य छात्रा मानसी ने कहा जरूरतमंद बच्चों के लिए बुक बैंक की व्यवस्था भी बहुत अच्छी है। एन के जे निवासी कक्षा दसवीं की छात्रा वेदांशी दुबे ने यहां पुस्तक मेला से नवीन शिक्षण सत्र के लिए कॉपी किताबें खरीदा।

जिला प्रशासन द्वारा पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले में लगाया गया बुक बैंक स्टॉल विद्यार्थियों के लिए मददगार सिद्ध हो रहा है। मेले में आने वाले विद्यार्थी बैंक में अपनी पुरानी पाठ्य पुस्तकें जमा कर बुक बैंक में उपलब्ध पुस्तकों में आवश्यकता के अनुसार पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही इस बैंक में अभिभावक शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साहित्यकार और लेखक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने के लिये पुस्तक मेले का आयोजन सराहनीय पहल है।

अभिभावक आरपी दुबे ने बताया कि पहले विशेष दुकानों से विद्यालयों की किताबें खरीदनी पड़ती थी। बी आर सी मनोज गौतम का कहना है कि इस मेले में व्यापारियों में परस्पर प्रतिस्पर्धा होने के कारण पालकों और अभिभावकों को डिस्काउंट भी अच्छा खासा मिल रहा है। अपने बेटी के लिए किताबें खरीदने आई वंदना सिंह ने मेले को प्रशासन की बहुत अच्छी पहल बताया। उन्होंने बताया कि बाजार की अपेक्षा यहां काफी कम दामों पर पुस्तकें उपलब्ध हैं। एक ही जगह पर सभी वस्तुओं की उपलब्धता होने कारण बाजार में व्यर्थ होने वाले समय भी बच भी रहा है। पाठ्यपुस्तकों एवं अन्य सामग्रियों को बहुत कम दाम में खरीद कर बचे हुए राशि का उपयोग अन्य प्रयोजन हेतु किया जा सकता है।

## नेशनल लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

11 मई 2024 को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत के दौरान समझौता योग्य अन्य प्रकरणों के साथ नगर निगम के संपत्ति कर एवं जलकर से संबंधित प्रकरणों, बी.एन.एनएनएल के प्री-लिटिगेशन एवं बैंको के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी आपसी समझौते के साथ निराकरण किया जायेगा। समझौता योग्य उपरोक्त प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निपटाने के उद्देश्य से गुरूवार को जिला न्यायाधीश तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निलेश कुमार जिरेती की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ला, जागेश्वर पाठक, बी.एस.एन.एल. एसडीओ उमेश नामदेव, लीड बैंक मैनेजर श्री मेझरस किण्डों सहित विभिन्न बैंको के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें।



बैठक में सचिव निलेश कुमार जिरेती के द्वारा सभी अधिकारियों से वन टू वन चर्चा की गई और 11 मई 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में नगर पालिका निगम के प्रकरणों में संपत्ति कर, जलकर के प्री-लिटिगेशन सूचना पत्र, बैंकों के प्री-लिटिगेशन सूचना पत्र एवं बी.एस0एन0एल0 प्री-लिटिगेशन सूचना पत्रों को अधिक से अधिक संख्या में जारी करने के लिये निर्देशित किया जाकर अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में लोक अदालत का आमजन के बीच अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने तथा लोगो को लोक अदालत से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी ने 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाते हुये अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन की जांच हेतु समिति गठित

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित जिला समिति की बैठक में वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल कटनी के विरूद्ध शिकायत की जांच हेतु गठित समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में शाला प्रबंधन द्वारा नियम व निर्देशों के विपरीत कृत्य करने पर शिकायत की विस्तृत व गहन जांच हेतु तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। जांच समिति में बी ई ओ विजयराघवगढ़ आनन कोरी, सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरि और प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवार आलोक पाठक को शामिल किया गया है। यह जांच समिति वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन द्वारा मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम एवं निर्देशों के उल्लंघन की तथ्यात्मक जांच कर 10 दिन के भीतर जिला समिति के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

### सुरम्य पार्क में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन आज

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर संसदीय क्षेत्र खजुराहो के मतदाताओं को निर्वाचन प्रकिया के दौरान अधिक से अधिक सहभागिता एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि व जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के तहत 20 अप्रैल को शाम 5 बजे से लोकतंत्र पर्व के तहत कटाये घाट स्थित सुरम्य पार्क में लोकतंत्र पर्व के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम के तहत गीत, भजन, नुक्कड़ नाटक, नृत्य एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### चेकिंग के दौरान 1 लाख 79 हजार रूपए किये जब्त



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में एसएसटी खडौला चेक पोस्ट मे लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते चैकिंग के दौरान बुलैरो वाहन से एक लाख 79 हजार 5 सौ रुपए बरामद किए गए। कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया की नाके में चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान बोलेरो वाहन क्रमांक MP 19 TJ 429 को रोककर चैक किया गया तो बोलेरो वाहन में नगदी 1,79,500 रुपये पाए गए। आचार संहिता लगी होने से बोलेरो में बड़ी तादात में रुपये होने से रुपयो के संबंध में सतीश पिता सोखी लाल चौधरी निवासी इमलिया थाना माधवनगर ने कियोस्क बैंक संचालित करना बताया । पुलिस ने प्रारंभिक जाँच में बैध दस्तावेज होना पाया जाने से उक्त राशि को मालिक के सुपुर्द किया । संपूर्ण कार्यवाही में सैल टेक्स विभाग से जानी जैकब एवं पुलिस स्टाफ सउनि प्रहलाद पैकरा, आरक्षक रुपेश यादव एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

### हादसे में युवक की मौत

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के सुरकी टैंक के पास शुक्रवार दोपहर बाइक सवार एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए युवक को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मूल रुप से सतना निवासी सचिन मिश्रा 25 कटनी में किसी फाइनेंस कंपनी में प्राइवेट जॉब करता था। शुक्रवार दोपहर वह अपनी बाइक में सवार होकर बरही से कटनी की ओर आ रहा था। इसी दौरान सुरकी डेम के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

पर्यावरण को रहे नुकसान के चलते सरकार ने लगाया है प्रतिबंध

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध महज दिखावा, बेराकटोक बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद भी शहर में लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 आइटम्स को पर्यावरण संरक्षण एक्ट के तहत प्रतिबंधित किया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। प्रशासन द्वारा बीच-बीच एकाधिक दुकानदारों पर कार्यवाही कर अभियान के नाम पर महज खानापूर्ति ही किया जा रहा है।



#### जिम्मेदारों की उदासीनता भारी

गौरतलब है कि हर मौके पर उपयोग के लिये सुगम लेकिन फेंकने के बाद खतरनाक अमानक पालीथिन के उपयोग पर पूरी तरह से पाबंदी है। एक बार फिर बाजार में सेहत के लिये खतरा बनी पालीथिन का उपयोग बेरोकटोक हो गया है। ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचाव, पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के उद्देश्य को शहर-शहर तक पहुंचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी कर दिया गया है। जागरूकता के अभाव और अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना प्रयास के कारण शहर सहित ग्रामीण अंचलों में बेरोकटोक अमानक पालीथिन का उपयोग किया जा रहा है। लोग सब्जी, राशन सहित अन्य सामग्री के लिए बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक के साथ खरीदारी और बिक्री करते देखे गए। इसके हानिकारक प्रभाव और दूरगामी दुष्प्रभाव से बेपरवाह लोग जागरूकता के अभाव में इस पर ध्यान नहीं दे रहे, इसलिए बाजारों में अभी सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के बावजूद उपयोग में लाया जा रहा है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग तथा स्वच्छता जैसी समस्याओं को जड़ से मिटाने के प्रयास में सबसे बड़ी बाधा सिद्ध हो सकता है।

#### किसी को नहीं सरोकार

धरती को क्लीन और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लोगों को यह छोटा सा निजी जिम्मेवारी निभाना आवश्यक है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बावजूद इसका उपयोग करने पर व्यक्ति दंड का भागी बन सकता है। स्थानीय प्रशासन द्वारा टीम गठित कर इसे जन जागरूकता अभियान के द्वारा प्रतिबंध को लागू करने तथा इस्तेमाल कर रहे लोगों को पूर्ण रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक दंड को लागू करने का निर्देश दिया गया है।

पालीथिन जितना पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक हैं, मवेशियों के लिये पॉलीथिन जहर की तरह होती है। खाने पीने की बची हुई सामग्री पालीथिन में भरकर फेक देने से मवेशी उसे खा लेते हैं । मिटटी में जाकर जहां यह पौधो की वृद्धि में बाधा बन जाती है। जानकारों के अनुसार पालीथिन एक पेट्रो केमिकल उत्पाद है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है जो कि सभी के लिये हानिकारक माना जाता है। जानकारो के मुताबिक प्लाटिक के थैलों के निर्माण में कैडमियम व जस्ता जैसी विषैली धातुओं का उपयोग होता है। यह धातु खतरनाक मानी जाती है जो जानवरों के पेट में जाकर उनकी मेटाबालिज्म प्रक्रिया को प्रभावित कर देती है। इससे पेट फूलने के साथ ही जानवर की भी मौत हो जाती है। यह विषैला तत्व खाद्य पदार्थो को विषैला बना देता है।

---



## 14 वाहन चालकों से 5 हजार का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

एसपी अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ के.पी. सिंह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में बरही पुलिस के व्दारा आदर्श आचार संहिता के दौरान बरही पुलिस व्दारा भारी मात्रा में किया गया कैश जप्त की कार्यवाही।

आचार संहिता के नियमो का कडाई से पालन कराया जाना एवं आवागमन के माध्यम से रुपये पैसो बडी मात्रा में एवं चुनाव प्रचार को प्रभावित करने वाली वस्तुओ का परिवहन होने पर कठोर कार्यवाही की जाये जो वरिष्ट अधिकारियो के निर्देशन पर थाना बरही के व्दारा थाने के सामने सरप्राईज वाहन चैंकिग के दौरान MP.21 ZC 7766स्कार्पियो रोककर चैक किया गया तो उसके पास एक बैग में रुपये मिले जिसे निकालकर चैक किया गया तो कुल 90,000/ रुपये थे जिसके संबंध में पूछतांछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम मिथलेश कुमार गौर23 साल निवासी बरही थाना बरही का होना बताया एवं इलाज हेतु बरही से कटनी ले जाना बताया उक्त पैसो के संबंध में पूंछने पर वैध दस्तावेज बैंक आफ बड़ोदा बैंक की atm स्लिप दो दिन की पेश करने पर उक्त रुपये जप्त कर मौके पर ही सुपुर्द किये गये साथ ही चेकिंग के दौरान14 चालान 5000 रूप का जुर्माना किया गया

कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, उप निरी. विनोद कांत सिंह, आर. सुनील शामिल रहे।

---

जगतपुर उमरिया मे शराब दुकान का जताया विरोध

## चुनाव का बहिष्कार कर रही महिलाओं ने कलेक्टर के आश्वासन पर डाले वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

ग्राम जगतपुर उमरिया के मतदान केंद्र क्र. 92 में महिलाओं के द्वारा सुबह चुनाव का बहिष्कार किया गया। ग्राम जगतपुर उमरिया के ग्राम की महिलाओं के द्वारा पहले भी उनके ग्राम में नवीन शराब की दुकान खुलने का विरोध काफी समय से किया जा रहा है और लगातार तहसीलदार के समक्ष ज्ञापन भी दिए गए हैं पर शासन और प्रशासन की अनदेखी करने के कारण वहां की महिलाओं के द्वारा बाध्य होकर चुनाव का बहिष्कार किया गया।



चुनाव के बहिस्कार किये जाने की खबर जैसे ही कलेक्टर अवि प्रसाद को लगी तो तुरंत ग्राम वासियों की मांग पूरी करने का कलेक्टर के द्वारा आश्वासन दिया गया और जल्द से जल्द शराब की दुकान हटवाने की बात की गई। मौके पर मौजूद बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह एवम बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी की समझाइश पर विरोध कर रही महिलाएं मतदान करने को राजी हुईं तब सुबह लगभग 8 बजे के आस पास वहां की महिलाओं के द्वारा मतदान किया गया।

#### मतदान केंद्रों में कराई व्यवस्थाएं

पूरे बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के सभी 299 मतदान केंद्रों में सुबह से ही मतदाता मतदान करने मतदान केंद्र पहुंचने लगे थे। ताकि ये तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के प्रकोप से बच सकें। बड़वारा में शांति पूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई थी जिसकी मतदाताओं ने प्रशासन की सराहना की।

---

## दीप प्रज्वलन कर मतदाता शपथ का कार्यक्रम



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिलेभर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन में निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा जारी किए गए स्वीप गतिविधियों के साप्ताहिक कैलेंडर अनुसार साधुराम विद्यालय परिसर में वृद्धजनों का सम्मान एवं कटनी का नक्शा बनाकर दीप प्रज्वलन एवम मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ सभी वरिष्ठजनों को माल्यार्पण एवम श्रीफल देकर वृद्ध मतदाताओं का सम्मान किया गया इसके उपरांत कटनी का नक्शा बनाकर दीप प्रज्वलित कर सभी को मतदाता शपथ दिलाते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

---

## छात्र-छात्राओं ने वॉल पेंटिंग से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन विगत दिवस बी एस डब्ल्यू और एम एस डब्ल्यू कक्षाओं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के माध्यम से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित दीवार में वॉल पेंटिंग के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।



स्वीप प्लान के सहायक नोडल अधिकारी, मृगेंद्र सिंह,जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल के नेतृत्व विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के समन्वय एवं सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता श्रीमती संयोगिता मिश्रा के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र छात्राओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए मतदाता जागरूकता हेतु निर्वाचन संबंधी पेंटिंग दीवाल पर बनाई जो आमजन को मतदान हेतु प्रेरित कर रही है।

इस वॉल पेंटिंग के आयोजन में जन अभियान परिषद के एमसीएमसी डीपी छात्र माधुरी कोरी, खुशबू कोरी, संध्या नामदेव, रोशनी सिंह, सोनाली दुबे, ज्योति श्रीवास, प्रिया जायसवाल, मांडवी सिंह, प्रियंका निगम,शीतल विश्वकर्मा, रेशमी सिंह, रोशनी बर्मन, संजना बर्मन, निधि पाल, आरती चौधरी, हरिशंकर दहिया, अनुराग एवं निखिल ने सहयोग प्रदान किया।

---

निर्भीक होकर बिना लालच स्वतंत्र होकर करें मतदान

## मोटर साइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा निर्वाचन में मतदान दिनांक 26 अप्रैल 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न तरीकों से मतदाता जागरूकता कार्यक्रमो का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार कटनी नगर निगम द्वारा स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



यह रैली नगर निगम से अहिंसा तिराहा से गांधी द्वार होते हुए सुभाष चौक,मधई मंदिर, गणेश चौक, पुराना कलेक्ट्रेट बंगला के पीछे से मुड़कर गायत्री नगर पुलिया से होते हुए नीरज टॉकीज ,बाबा घाट, छात्र संग्राम परिषद स्कूल, पेट्रोल पंप से होकर जैन कॉलोनी लोको शेड से होते हुए मेन बजरिया एन.केजे तिराहे में निगमायुक्त श्री शुक्ल द्वारा उपस्थित सभी नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाकर रैली का समापन किया गया।

#### मतदान का संकल्प दिलाया

रैली में उपस्थित सभी मतदाताओं द्वारा यह संकल्प लिया गया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह संकल्प लेते हैं कि अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म व जाति समुदाय भाषा अथवा किसी भी अन्य प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना लोकतंत्र के इस महापर्व लोकसभा निर्वाचन में दिनांक 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को हम अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए शत-प्रतिशत मतदान कराएंगे तथा करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान एसडीएम प्रदीप मिश्रा, उपायुक्त पीके अहिरवार, कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, तहसीलदार वीके मिश्रा, सहायक यंत्री आदेश जैन, अनिल जायसवाल, प्रभारी स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी, उपयंत्री जेपी बघेल, शैलेंद्र प्यासी अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

लोक सेवा केंद्र ढीमरखेड़ा पहुंचकर लिया गतिविधियों का जायजा

## जिला सीईओ ने मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा क्षेत्र शहडोल के मतदान दल मतदान केंद्रों में कुशलतापूर्वक पहुंच चुके हैं। गुरुवार को जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने कटनी और ढीमरखेड़ा विकासखंड के आधा दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर मतदाताओं और मतदान कर्मियों हेतु की गई बुनियादी आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत हिरवारा, पिपरिया और हीरापुर कोंडिया के मतदान केंद्र क्रमांक 123, 125, 124,126 ,122 ,127 और 121 और विकासखंडढीमरखेड़ा और विकासखंड ढीमरखेड़ा के ढीमरखेड़ा, झिन्ना पिपरिया,भमका के मतदान केंद्र क्रमांक 229, 230 240 और 243 में बुनियादी सुविधाओं की जानकारी। मतदान केंद्रों में गर्मी को देखते हुए कूलर, विद्युत आपूर्ति, साफ सफाई, टेंट ,पेयजल, मतदाताओं के लिए टोकन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं माकूल पाए जाने पर संतोष जताया और हिरवारा की सचिव सोनू वर्मन की प्रशंसा कर पीठ थपथपाई।




मतदान कर्मियों से प्रारंभिक तैयारी के संबंध में चर्चा की, कहा बेस्ट ऑफ़ लक

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने मतदान कर्मियों से मतदान दिवस के एक दिन पूर्व की जाने वाली आवश्यक तैयारी के संबंध में जानकारी ली। समाधान कारक उत्तर मिलने पर खुशी जताई और कहा बेस्ट ऑफ़ लक।

नोडल अधिकारी कम्यूनिकेशन प्लान श्री गेमावत ने लोक सेवा केंद्र ढीमरखेड़ा पहुंचकर मतदान दिवस के पूर्व की गई समग्र तैयारी की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मतदान दिवस के दिन बेहतर कम्यूनिकेशन हेतु ARO स्तरीय कम्यूनिकेशन सह कंट्रोल रूम का भ्रमण किया। उन्होंने रिपोर्टिंग की आवश्यक व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया साथ ही निर्देश दिये। आयोग के निर्देशानुसार पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान दल रवाना होने, पहुँचने, मॉक पोल संपन्न होने, मतदान प्रारंभ होने आदि सूचनाओं के साथ प्रत्येक 2-2 घंटे के मतदान की रिपोर्ट मत प्रतिशत एप में दर्ज की जानी है । आज शत प्रतिशत पीठासीन अधिकारियों द्वारा मत प्रतिशत एप का उपयोग कर सूचनायें दर्ज की गई जिस हेतु सर में संपूर्ण टीम को बधाई दी व मतदान दिवस के दिन समय पर रिपोर्टिंग हो इस संबंध में निर्देश दिये। ए आर ओ एवं ज़िला स्तर पर कम्यूनिकेशन कंट्रोल रूम रहेगा। ई गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव द्वारा भी विस्तार से नेटवर्किंग और अन्य तकनीकी पहलुओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान एसडीम विकी सिंहमारे उईके द्वारा भी जानकारी को साझा किया गया।



मतदान केंद्रों में भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत के सीईओ प्रदीप सिंह, यजुवेंद्र कोरी, अभय जैन, योगेंद्र कुमार असाटी, दीपक राहंगडाले, बलराम दाहिया और अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

---

## वाहन रैली आज, कल निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जियो और जियों दो के उद्घोषक एवं अहिंसा के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव पर 20 अप्रेल दिन शनिवार को प्रातः 6.30 बजे दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति के तत्वाधान में विशाल वाहन रैली धर्मप्रभावना हेतु महावीर कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ होकर घंटाघर ,भगवती चौराहा, बरही रोड़, सराय, सिविल लाईन, कचहरी चौराहा, मिशन चौक, लखेरा, माधवनगर, हाउसिंग बोर्ड जैन मंदिर, पुरानी बस्ती, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार,सुभाष चौक से होते हुये बड़े मंदिर जी के सामने समाप्त होगी महावीर जयंती के संयोजक पंचायत मंत्री बिन्नी जैन ने उक्त आशय की जानकारी देते हुये सभी सामाजिक बन्धुओं से वाहन रैली में शामिल रहने की अपील की है।

इस अवसर पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन, मंत्री डॉ.संदीप जैन ने बतलाया दिनांक 21 अप्रेल को प्रातः 7.00 बजे भगवान महावीर जी की भव्य शोभायात्रा बड़े मंदिर जी से प्रारंभ होकर घंटाघर,डॉ. गर्ग चौराहा, शहीद द्वार, भगवती चौराहा, हीरागंज,गोल बाजार,मेन रोड़ सुभाष चौक, कपड़ा बाजार जवाहर चौक से होते हुये जैन बोर्डिंग हाउस में समाप्त होगी।

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप रायल कटनी द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक एवं परम पूज्य 108 प्रमाण सागर जी महाराज के दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को प्रातःविशाल रक्तदान महादान शिविर का आयोजन प्रातः 10.00 बजे स्टेट बैंक चौराहे पर स्थित जैन मिडिल स्कूल में किया जायेगा।

ग्रुप के पदाधिकारियों ने समस्त बन्धुओं एवं माताओ-बहनों से रक्तदान शिविर में रक्तदान करने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### तीन अपराधियों को किया जिला बदर

**दमोह।** मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 03 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक राजेश सींग लोधी पिता काशीराम सींग लोधी निवासी ग्राम खैजरा खुर्द थाना हटा, अज्जू उर्फ अजित पिता दरवारी अहिरवार निवासी ग्राम बकायन थाना बटियागढ़ एवं हल्ले ऊर्फ रामकिशुन पिता मोहन यादव निवासी थाना बटियागढ़ को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है। तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में अनावेदक को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा।

### डॉक मतपत्र दल का भ्रमण आज

**दमोह ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में 18 अप्रैल को 85+आयु के मतदाताओं का मतदान घर-घर जाकर कराया गया । नोडल अधिकारी डॉकमत पत्र निकेत चौरसिया ने बताया 20 दलों के द्वारा भ्रमण 20अप्रैल 2024 को किया जायेगा।

### पाती के जरिए सभी मतदाताओं को मतदान का दिया न्यौता

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान दिवस पर सभी मतदाताओं से बुंदेली भाषा में मतदान की अपील की है। उन्होंने पाती के माध्यम से की गई अपील में सभी मतदाताओं से कहा है कि शुक्रवार, 26 अप्रैल खां लोकसभा के चुनाव होने हैं। सो आप सब जनन खां वोट डालवे जरूर जानें काये कि आप औरन नें पैलें भी मतदान में बढ़चढ़ के भाग लओ है सो ईबार भी जोई करने।जिला कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र में बड़ो हो या छोटो सबखों वोट बराबर औ कीमती है, ईसे अपन खां सबई जनन के संगे बहुतई सोच समझ के बिना कौनऊ लोभ लालच के बिना कोऊ कि बातन में आय, अपनों और अपने लड़का बच्चन को भविष्य तय करवे वोट देवे जाने। चुनाव लोकतंत्र को सबसे बड़ो महापर्व कहाऊत औ जो पांच साल में एक बार आने ईसे अच्छे से सोच विचार के निडर और निर्भीक हो कै वोट देनें। औ कौनऊ प्रकार के नशा, रूपया, पैसा के लालच में नई आने।

### माइक्रो ऑब्जर्वर की बैठक 22 अप्रैल को

**पन्ना।**लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत सभी माइक्रो ऑब्जर्वर के दायित्व निर्वहन के लिए 22 अप्रैल को बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस अवसर पर आयोग के प्रावधानों के संबंध में शाम 5 बजे टाउन हॉल पन्ना में ब्रीफ किया जाएगा। इस दौरान सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

### मतदान केंद्र के दायरे में मोबाइल के उपयोग को लेकर निर्देश जारी

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे।

### मतदान के दिन वोटिंग करने वाहन सुविधा प्रदान करने का दिया आश्वासन

# घर से वोट करने से वंचित चार बुजुर्ग मतदाताओं के घर पहुंचे तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

लोकसभा चुनाव की निर्धारित तारीख के पूर्व 85+ बुजुर्गों के लिए घर पर वोट करने की सुविधा प्रदान की गई थी जिससे निर्वाचन आयोग द्वारा विगत 18 अप्रैल को दमोह लोकसभा क्षेत्र की हटा विधानसभा में मतदान पैनल टीम द्वारा चिन्हित बुजुर्गों के घर पहुंच कर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई गई लेकिन पोलिंग बूथ रसीलपुर में पात्रता की श्रेणी में आने वाले चार बुजुर्ग दंपत्ति बीएलओ की लापरवाही के चलते घर से वोट करने वंचित रह गए थे जिनकी जानकारी मिलने पर समाचार पत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर द्वारा विशेष संज्ञान में लेते हुए एसडीएम को



निर्देशन किया गया जिसके परिपालन में तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने ग्राम रसीलपुर में चारों बुजुर्ग मतदाताओं के घर पहुंचकर परिजनों से चर्चा कर जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि ग्राम रसीलपुर के पोलिंग बूथ के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 9 मैं निवास करने वाले 95 वर्षीय बाबूलाल पिता सरजू पटेल व उनकी पत्नी श्रीमती गिरिजा रानी के अलावा परिवार के गोविंद पिता सुखलाल पटेल उम्र 88 वर्ष एवं उनकी पत्नी 86 वर्षीय सियारानी के घर से वोट करने बीएलओ द्वारा सहमति पत्र भरने में लापरवाही किए जाने पर निर्वाचन कार्यालय से जारी सूची में इन चारों बुजुर्गों के नाम घर से वोट करने की सूची से वंचित रह गए थे समाचार पत्र में खबर प्रशासन के बाद जिले से लेकर तहसील के निर्वाचन अधिकारियों की नींद खुल गई और आनन फानन में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने बुजुर्गों के घर पहुंचकर उनसे व परिवारजनों से मुलाकात की तो बीएलओ की लापरवाही सामने आ गई। लेकिन सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार तहसीलदार के पहुंचने के पूर्व बीएलओ ने बुजुर्गों के घर पहुंचकर अपनी लापरवाही पर पर्दा डालने के लिए मिन्नतें कर दोबारा गलती न करने की दलीलें की गई। जिससे अधिकारियों की उपस्थिति में बुजुर्गों के परिवारजनों से कागजी खाना पूर्ति करा ली गई और तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी द्वारा चारों पात्र बुजुर्ग मतदाताओं के परिजनों से 26 तारीख को होने वाले मतदान के दिन सुबह अपने शासकीय वाहन से ही मतदान कराने का पूर्ण आश्वासन दिया। लेकिन यहां गौर करने वाली बात है कि जिन पात्र बुजुर्ग मतदाताओं के घर तहसीलदार पहुंचे थे वह चलने फिरने लायक ही नहीं है यहां तक कि गोविंद व उनकी पत्नी वाहन में बैठने में असमर्थ हैं लेकिन यह स्थिति देखते हुए भी उनके द्वारा बीएलओ की लापरवाही पर कार्यवाही न कर नजर अंदाज किया गया यह समझ से परे है।

### अभी जंगल में चीतलों की संख्या 892

# बाघों की भूख मिटाने टाइगर रिजर्व में बांधवगढ़ से आएंगे 300 चीतल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से 300 से अधिक चीतल की शिफ्टिंग की जाना है। मई माह तक इनकी शिफ्टिंग टाइगर रिजर्व में होने की संभावना है। चीतलों की संख्या बढ़ने से टाइगर रिजर्व में बढ़ रहे बाघों के कुनबे के लिए पर्याप्त भोजन की व्यवस्था होगी और उन्हें शिकार करने में आसानी होगी। दरअसल, टाइगर रिजर्व में पहले से ही शाकाहारी जानवरों की कमी के कारण बाघों के लिए भरपूर भोजन नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में टाइगर रिजर्व में अन्य टाइगर रिजर्व से चीतल बुलाए जा रहे हैं। मुख्य वन संरक्षक अनिल के सिंह ने बताया कि नौरादेही अभयारण्य के समय वर्ष 2018 में बाघ प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद बाघिन राधा और बाघ किशन लाए गए थे। साल 2019 में पेंच टाइगर रिजर्व से 750 चीतल की खेप लाई गई थी, ताकि बाघों को भोजन की समस्या नहीं हो। बाघों का कुनबा बढ़ा है। वर्तमान वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 19 हो गई है। टाइगर रिजर्व की आबोहवा बाघों के साथ-साथ चीतलों को भी भा रही है।

#### पिछले पांच साल में 1200 से ज्यादा चीतल लाए गए

जानकार बताते हैं कि जैसे-जैसे बाघों की संख्या बढ़ती जाएगी, वे अपना पेट भरने के लिए चीतलों का शिकार करेंगे। जितने ज्यादा टाइगर होंगे उतने ही चीतल कम होते जाएंगे। इसलिए यहां पर चीतलों की पर्याप्त आबादी बनाए रखने के लिए अन्य टाइगर रिजर्व व वन्य प्राणी अभयारण्यों से चीतलों को मंगाकर टाइगर रिजर्व में छोड़ा जा रहा है। साल 2019 से चीतलों को यहां लाने का काम शुरू हुआ। 5 साल के दौरान कई खेपों में 1200 से ज्यादा चीतल लाए जा चुके हैं। वर्तमान में टाइगर रिजर्व में चीतलों की आबादी लगभग 892 है। बाघों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से 300 से अधिक चीतल और बुलाए जा रहे हैं।

**2018 में लाए गए राधा-किशन ने आबाद किया टाइगर रिजर्व**

साल 2018 में बाघिन राधा व कुछ समय बाद बाघ किशन को लाकर नौरादेही में बसाया गया था। साल 2019 के अंत में इनके तीन शावकों का जन्म हुआ था। इसके बाद इनका परिवार बढ़ते-बढ़ते 19 पर पहुंच गया। हाल ही में बांधवगढ़ से बाघिन एन-4 और बाघ एन-5 को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में शिफ्ट किया गया है। इसके बाद इनका आंकड़ा बढ़कर 21 पर पहुंच गया है।

# गुरु की महत्वता जीवन में अनुपम है: उमाशंकर शास्त्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्राम बनवार बिबेकानंद परिसर मे चल रही संगीतमय भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथवाचक पंडित उमाशंकर शस्त्री ने गुरू की महत्वता बताते हुए कहा कि गुरू हमारे जीवन में अनुपम हैं, क्योंकि गुरु के बिना हम जीवन का सार ही नहीं समझ सकते हैं, लेकिन हमेशा इस बात का सदैव ही ध्यान रखना चाहिए कि गुरू के समक्ष चंचलता नहीं करनी चाहिए और सदा ही अल्पवासी होना चाहिए। जितनी आवश्यकता है उतना ही बोलें और जितना अधिक हो सके गुरु की वाणी का श्रवण करें। उन्होंने कहा कि गुरू चरणों की सेवा का अवसर मिलना परम सौभाग्य होता है, जो अनमोल है।

मुझे भी ठाकुरजी की कृपा से गुरुसेवा का दायित्व मिला था, लेकिन उस समय सेवाभाव का ज्ञान नहीं था और अब जब ज्ञान की प्राप्ति हो चुकी है तो गुरु सेवा का अवसर नहीं है। इसलिए गुरु सेवा को समर्पित भाव से करना और उनका आदेश का पालन सदा

ही करना चाहिए। उन्होंने धार्मिक ग्रंथों में वर्णित अवतारों के बारे में बताया कि कहीं पर 24 तो कहीं पर दस अवतार की कथा बताई जाती है लेकिन अवतारों की संख्या की गणना संभव नहीं है, क्योंकि जितने भक्त होते हैं उतने ही अवतार होते हैं। प्रभु के अवतार प्रयोजन पर भी कहा गया कि यहां किसी राक्षस, दानव और अधर्मी का वध करने के लिए ही अवतरित नहीं होते हैं बल्कि अपने भक्तजनों पर कृपा बरसाने के आते हैं। रावण, कंस को मारने के लिए भगवान को अवतार लेने की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा कि घर द्वार छोड़कर वन में चले जाने ही वैराग्य नहीं होता बल्कि अपने अंतःकरण की शुद्धता इसमें नितांत आवश्यक है। हमारे जीवन में विचारों का आदान प्रदान रोम-रोम से होता है इसके लिए सिर्फ नाक, कान और आखें ही नहीं होती हैं। संत महात्मा की दृष्टि को दिव्य बताते हुए कहा गया कि हम उतना ही देख सकते हैं जितनी दूर तक हमारी दृष्टि जाती है, लेकिन संत जन अनंत तक देखने की दृष्टि रखते हैं।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दंपती में पत्नी की मौत

### पति गंभीर घायल, मडियादो थाना क्षेत्र के लखनपुरा गांव की घटना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

मडियादो थाना क्षेत्र के लखनपुरा गांव में एक पिकअप वाहन ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी जिसमे बाइक पर सवार पत्नी की घटना स्थल पर मौत हो गई वही पति गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल पति को पुलिस वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मडियादो भेजा गया जहा उपचार जारी है। टक्कर मारकर पिकअप वाहन ने भाग गया जिसे पुलिस द्वारा रजपुरा थाना क्षेत्र के शिलापरि गांव से जब्त कर लिया गया। जानकारी के अनुसार नौला बंजारा अपनी पत्नी रूपी बंजारा के साथ बाइक पर चालक भागचंद आदिवासी के साथ महुआखेड़ा से अमझिर जा रहा था। वही पिकअप वाहन लखनपुरा की और जा रहा रहा।

समय पर एंबुलेंस न पहुंचने से ग्रामीण नाराज=पिकअप द्वारा बाइक को टक्कर मारने की घटना गुरुवार सुबह 10 बजे की बताई जा रही है। घटना के तत्काल बाद जागरूक युवाओं द्वारा 108 स्वास्थ्य सेवा और 100 पुलिस को सूचना दी गई लेकिन डेढ़ घंटे तक कोई भी सुविधा नहीं पहुंची जिसके बाद ग्रामीण नाराजगी जाहिर करने लगे। ग्रामीणों का आरोप है की टक्कर के बाद दोनो घायल जिंदा थे तड़फ रहे थे। अगर समय रहते इलाज मिल जाता तो शायद महिला की जान बच जाती।

#### समझाईस के बाद शांत

मौके पर पहुंची पुलिस के शव ले जाने से नाराज ग्रामीणों द्वारा मना कर दिया गया। मामले की सूचना वायरल होने पर हटा सीबीएमओ डॉ उमाशंकर पटेल और पुलिस प्रशासन द्वारा परिजनों और ग्रामीणों को समझाया गया जिसके बाद ग्रामीण मान गए और मृतक महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए हटा अस्पताल भेजा गया।

# अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न



**दमोह ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं एस.एस.टी., एफ.एस.टी. नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा के द्वारा जिले की एस.एस.टी. और एफ.एस.टी. के द्वितीय एवं तृतीय पारी के अधिकारियों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में ली गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री वर्मा ने सभी एस.एस.टी. के अधिकारियों को जिले के सभी चेकपोस्ट पर सभी वाहनों की कड़ाई से चैकिंग करने के निर्देश दिए एवं एफ.एस.टी. अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहें और जहां भी आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन हो रहा है वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री वर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि चैकिंग के दौरान अवैध राशि, अवैध शराब आदि पाए जाने पर तत्काल जप्ती की कार्यवाही की जाए। जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो पाएं, इस हेतु सभी अधिकारी सजग होकर अपनी ड्यूटी करें। बैठक में जिला लोक सेवा प्रबंधक एवं सहायक नोडल अधिकारी चक्रेश पटेल एवं सभी एस.एस.टी. और एफ.एस.टी. के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# आईटी जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में ए.डी.आर. भवन में आई.टी. जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश/सचिव धर्मेश भट्ट, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, कार्यालय का स्टाफ, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम स्टाफ, सिस्टम ऑफिसर गोपाल साहू, पैनल लॉयर एवं जेल कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह धर्मेश भट्ट एवं सिस्टम ऑफिसर गोपाल साहू द्वारा उक्त आई.टी. कार्यक्रम में आई.सी.जे.एस. पोर्टल एवं सी.आई.एस. तथा ई-प्रिजन से संबंधित तकनीकी पहलुओं के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त पोर्टल में किसी तरह थाना, न्यायालय एवं जेल द्वारा विभिन्न स्तर पर अपराध के संबंध में जानकारी फीड की जायेगी एवं जिसका अवलोकन न्यायालय द्वारा विभिन्न स्तर पर किया जायेगा एवं न्यायिक प्रकरणों का निराकरण पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर शीघ्रता से किया जा सकेगा।

# लाखों के आंगनबाड़ी भवन में हो रहा घटिया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिले की जबेरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कालेहरा में लाखों रुपए की लागत से आंगनवाड़ी भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसमें साढ़े नौ लाख रुपए की लागत वाले आंगनवाड़ी भवन में गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। भवन की नीव कमजोर बनाई गई हैं। उसमे रेत की जगह नदी नाले के बजरा का उपयोग किया जा रहा है जिसकी परमिशन भी नहीं है। ठेकेदार और आर ई एस विभाग की मिलीभगत से खुलेआम सरकारी पैसे की बंदरबांट हो रही है। जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए शासन से 9 लाख 50 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। इसके बावजूद भी जिम्मेदार इंजीनियर की अनदेखी से आंगनवाड़ी भवन निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है निर्माण में अवैध बजरी डाल रहे है जो खनिज अधिनियम में आता है।इस ओर सम्बंधित विभाग को जांच कर कार्रवाई करना चाहिए। आंगनवाड़ी भवन निर्माण में स्थानीय नालों की अमानत रेत डालकर नीव खड़ी की जा रही है जिससे भवन लम्बे समय नहीं टिक पायेगा। शासन के लाखों रु की लागत राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसको



देखने और सुनने वाला कोई नहीं है।

**आंगनबाड़ी भवन निर्माण में इंजीनियर नहीं देता ध्यान, हो रहा घटिया निर्माण**

ज्ञात हो कि सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में इंजीनियर नियुक्त किये हैं, ताकि कोई निर्माण हो तो उसकी गुणवत्ता देख सकें, लेकिन यहां तो बिना जांच के खुलेआम घटिया निर्माण हो रहा है और वे इधर झांकना भी मुनासिब नहीं समझते, इससे निर्माण एजेंसी ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं। यह सब सांठगांठ और कमीशन के चलते हो रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर जांच टीम गठित कर सही ढंग से जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना था कि यदि सही जांच होती है तो जनपद जबेरा की ग्राम पंचायतों बन चुकी और बन रहे आंगनबाड़ी भवन के घटिया निर्माण के कई मामले उजागर होंगे। आर ई एस ई बी एस यादव का कहना है आंगनवाड़ी भवन निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है तो आर ई एस के एसडीओ इंजीनियर से बात करता हूं घटिया निर्माण की जांच के लिए जिला से टीम भेज कर जांच करवाता हूं। घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है तो निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही होगी।

# छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई



**दमोह।** बुंदेलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के द्वारा अनेक माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है जिसमें समिति के द्वारा सभी को मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता स्लोगन के माध्यम एवं 26 अप्रैल 2024 को अपने अपने बूथ पर वोट डालने का आमंत्रण पत्र दिया। वही शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुड़िया में उपस्थित छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई एवं अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। समिति के कविता सिंघई ने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा निरंतर 1 माह से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अलग अलग तरीके से कार्य किया जा रहा है जो आज ग्राम मुडिया शाला में मतदाताओं को जागरूक किया। अनुराग गौतम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा स्वीप प्लान के अतंगर्त मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हमारे समिति के माध्यम से अलग अलग तरीको के किया जा रहा है जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। उसी संबंध में आज शहर में आम जन मानस को आमंत्रण पत्र दिया और उन्हे अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। कि वोट डालना सभी का अधिकार हैं और कत्वर्य भी हैं सभी को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए, जिससे हम एक बेहतर सरकार चुन सकें। वही श्री मति वंदना जैन द्वारा छात्र- छात्राओं को शपथ दिलाई गई इस अवसर पर शाला की प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना परिसर में स्थापित स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री वितरण व वापसी के लिए निर्धारित काउन्टर पर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित लोकसेवकों को आगामी 24 अप्रैल को दोपहर 2 बजे पॉलीटेक्निक कॉलेज में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने और 25 अप्रैल को सुबह 6 बजे ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। पवई विधानसभा के लिए 6 और गुनौर एवं पन्ना विधानसभा के लिए 5-5 दल गठित कर दायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त विधानसभावार स्ट्रांग रूम प्रभारी की नियुक्ति भी की गई है। पवई विधानसभा का स्ट्रांग रूम प्रभारी सहायक कोषालय अधिकारी अंशु खरे, गुनौर का स्ट्रांग रूम प्रभारी सहायक पेंशन अधिकारी आर.के. रवि तथा पन्ना विधानसभा का स्ट्रांग रूम प्रभारी सहायक कोषालय अधिकारी आर.पी. प्रजापति को बनाया गया है। इसी तरह सी एवं डी केटेगरी ईव्हीएम की तीनों विधानसभा क्षेत्र का स्ट्रांग रूम प्रभारी सहायक पेंशन अधिकारी मुकेश साहू को बनाया गया है। सभी दल को जिला कोषालय अधिकारी के निर्देशन एवं नियंत्रण में कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव कल

**कुंडलपुर दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र, जैन तीर्थ कुंडलपुर में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के चर्तुविध संघ के सानिध्य में प्रातः प्रभात फेरी निकाली जाएगी, भक्तांमर महामंडल विधान , पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान, भगवान महावीर पूजन होगी। आचार्य श्री की पूजन एवं आचार्य श्री के मंगल प्रवचन होंगे। सायंकाल भक्तांमर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी।

### 30 अप्रैल तक तेन्दूपत्ता तोड़ने पर निषेध

**दमोह।** भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं उसके अंतर्गत बनाये गये नियम जैव विविधता संरक्षण एवं पोषणीय कटाई नियम 2025 के नियम 4 के प्रावधानों के अंतर्गत वन मंडलाधिकारी महेन्द्र सिंह उइके ने दमोह जिले के पूर्ण क्षेत्र को 30 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है।

### बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क दुर्घटना के शिकार, पिता की मौत

**दमोह।** मोटरसाइकिल सवार पिता पुत्र को एक बाइक क्रमांक एमपी 34 एमई 9285 ने साइड से आकर टक्कर मार दी, जिसमें सवार पिता पुत्र में पिता की मौत हो गई और पुत्र घायल हुआ है. जिसे उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल में इलाज किया गया. घायल पुत्र ने बताया कि हम पिता को लेकर भरतला गांव से बांदकपुर स्टेशन जा रहे थे. तभी हिंडोरिया थाना के पास गुंजी तिराहा आम जामुन के पास बाइक ने टक्कर मार दी. जहां पुत्र पिता को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने पिता करोड़ी पिता कुमर रैकवार 50 वर्षनिवासी भरतला को मृत घोषित कर दिया, तो वहीं गणेश रैकवार का इलाज दमोह जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

## आधा घंटे के भाषण में पीएम ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां, इंडी गठबंधन पर कसे तंज

# जो पड़ोसी देश आतंक का सप्लायर था, अब आटे के लिये तरस रहा है: प्रधानमंत्री मोदी






### सनातन व राम मंदिर पर भी बोले पीएम, विरोध करने वालों को बताया आस्था का अपमान करने वाले, ये चुनाव देश को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है: नरेन्द्र मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

2024 का लोकसभा चुनाव केवल सांसद चुनने का नहीं, बल्कि देश की आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। आज विश्व में बहुत से देशों की हालत खराब है, कई देश दिवालिया होने की कगार पर खड़े हैं। भारत का एक पड़ोसी देश, जो आतंक का सप्लायर था, वह अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे वैश्विक हालातों में भारत, विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। आज दुनिया में भारत की वाह-वाही हो रही है, जिस पर हर भारतीय को गर्व हो रहा है। यह सब देश की जनता के वोट के कारण ही हो पाया है। उक्त बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दमोह में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुये व्यक्त किये। कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और खजुराहो से लोकसभा प्रत्याशी विष्णु दत्त शर्मा और दमोह से लोकसभा प्रत्याशी राहुल लोधी सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा सरकार की पिछले 10 वर्षों की अहम उपलब्धियां रेखांकित की और देश में फिर एक बार प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की और इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर सनातन विरोधी और भ्रष्टाचारी होने के आरोप लगाए हुए जमकर निशाना साधा। उन्होने कहा कि यह चुनाव आने वाले 5 वर्ष में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो, तो भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली मजबूत सरकार का होना आवश्यक है, यह काम केवल पूर्ण बहुमत वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है। बीते 10 वर्षों में देश ने देखा है कि एक स्थिर सरकार विपरीत परिस्थियों में भी कुशल कार्य कर सकती है। कोरोना काल में पूरी दुनिया में हाहाकार मच गया था, मगर देश की मजबूत भाजपा सरकार ने पूरी दुनिया से भारतीयों को देश में सुरक्षित वापस लाई। आज देश में ऐसी मजबूत और स्थिर सरकार है, जो न किसी से डरती है और न ही किसी के सामने झुकती है। भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करते हुए देशहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

### कांग्रेस पर कसा तंज

कांग्रेस की सरकारों ने सेना के लिए हथियार खरीदने में भी अपना फायदे पर ज्यादा ध्यान दिया। इन लोगों ने पूरी ताकत लगाकर देश की वायुसेना को कमजोर करने और राफेल विमान से वंचित रखने का प्रयास किया। अगर आज देश में कांग्रेस की सरकार होती भारत में निर्मित तेजस फाइटर प्लेन आज आकाश की बुलंदियों की नहीं छू रहा होता। भाजपा सरकार ने भारतीय सेना को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है। आज भारत की पहचान, दूसरे देशों को हथियार निर्यात करने वाले देश के रूप में बन रही है। पिछले वर्ष में भारत ने 21 हजार करोड़ रुपए के हथियार दूसरे देशों को बेचे हैं। भारत ब्रह्मोस मिसाइल को भी निर्यात करने की ओर आगे बढ़ रहा है। कुछ ही क्षणों में ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलिपीन्स जाने वाली है। इसके लिए सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

मोदी ने कहा कि भाजपा वीरांगनाओं की विरासत को आगे बढ़ाते हुए विकसित भारत के निर्माण के लिए नारी शक्ति को सशक्त कर रही है। उज्ज्वला, स्वच्छता अभियान, जन धन योजना और उजाला सहित तमाम योजनाओं के सर्वाधिक लाभ देश की नारी शक्ति को मिला है। पहले देश में महिलाओं के नाम पर कोई संपत्ति नहीं होती थी, लेकिन मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कारण पहली बार महिलाओं के नाम कोई संपत्ति दर्ज करवाई है। पिछले 10 वर्षों में 10 करोड़ बहनें सहायता समूहों से जुड़ी हैं। अभी तक एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं और अब मोदी ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की गारंटी दी है। प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि देश की जनता ही मोदी का परिवार है। लेकिन परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है। इंडी गठबंधन के लोग आए दिन मोदी को धमकियां दे रहे हैं लेकिन मोदी ने इन धमकियों से पहले डरा है और न कभी डरेगा। बुंदेलखंड की भूमि रामराज्य की प्रेरणा से भरी हुई है। ओरछा में प्रभु श्री राम राजा के रूप में विराजमान हैं। यही बुंदेलखंड की धरती देख रही है कि कैसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता हमारी आस्था का अपमान करने में जुटे हैं। विपक्षी नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया और भगवान श्री राम की पूजा को पाखंड बताते हैं और अयोध्या में बने राम मंदिर का विरोध करते हैं। विपक्षी नेताओं ने रामनवमी पर भगवान के सूर्य तिलक के दिन ये बयान दिए हैं। इंडी गठबंधन के नेता वोट बैंक की राजनीति के लिए प्राण-प्रतिष्ठा में नहीं गए और निमंत्रण को ठुकरा दिया। अदालत में बाबरी मस्जिद के पक्ष में दशकों से लड़ाई रहे अंसारी परिवार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए राम मंदिर के शिलान्यास और प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लिया, लेकिन इंडी गठबंधन के नेताओं ने तुष्टीकरण के लिए प्राण-प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा दिया। भाजपा एनडीए गठबंधन को दिया जनता का एक एक वोट केन्द्र में सरकार बनाने के साथ साथ विकसित भारत के सपने को पूरा करेगा।

इस दौरान मंच पर प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल, पूर्व मंत्री व विधायक गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सागर संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, प्रदेश शासन के मंत्री लखन पटेल, धर्मेन्द्र लोधी, जिलाध्यक्ष प्रीतम लोधी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दमोह आगमन हुआ सभा उपरांत प्रस्थान करते समय हैलीपैड पर जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार ने प्रधानमंत्री का दमोह आगमन पर आभार माना।



### बुंदेलखंड को 44605 करोड़ की सौगात - विष्णुदत्त शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबका यह सौभाग्य है कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश की धरती पर पधारे हैं। मध्यप्रदेश सहित पूरे देश ने तय कर लिया है कि नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। देश की जनता नरेन्द्र मोदी को ऐतिहासिक बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को आतुर है। प्रधानमंत्री जी के मन में मध्यप्रदेश हमेशा से रहा है और समय-समय पर मध्यप्रदेश को अनेकों सौगातें दी हैं। मोदी जी ने बुंदेलखण्ड को 44 हजार 605 करोड़ की केन-बेतवा लिंक परियोजना की सौगात दी है। इस परियोजना से कभी सूखा और गरीब रहा बुंदेलखंड अब खुशहाल, हराभरा और समृद्धशाली बुंदेलखंड के रूप में जाना जाएगा। देश के गरीबों के कल्याण के लिए गरीबों के मसीहा के तौर पर किसी ने कार्य किया है, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। देश में गरीब कल्याण की योजनाओं से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं, वहीं मध्यप्रदेश में ढाई करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर मध्यप्रदेश को ताकत देने का काम किया है और आज मध्यप्रदेश की जनता आपको आश्वस्त करती है कि मध्यप्रदेश की 29 में से 29 लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी आपके नेतृत्व में विजयश्री हासिल करेगी। उन्होंने जनता से आव्हान करते हुए कहा कि आज हमें प्रत्येक बूथ पर 370 नए मत बढाने के साथ हर बूथ जीतने के संकल्प को पूरा करना है।

## जीव का विकास बुद्धिपूर्वक ही होता है: आचार्य श्री समय सागर जी

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युगश्रेष्ठ आचार्य भगवन संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा प्रति समय परिणाम बंध होते हैं आत्मा में जीव के परिणाम निश्चित रूप से पूर्ववत कर्म के उदय को लेकर के और कर्मफल के कारण जो सामग्री है विशेष सामग्री उनके निमित्त को लेकर नए सिरे से परिणाम उत्पन्न होते हैं और कर्म का आश्रव निरंतर होता रहता है। उस आश्रव को रोकना आसान नहीं है ।एक बात यह है आगम के अनुरूप हम सोचते हैं ऐसे संसार में अनंतानंत जीव है बिना पुरुषार्थ के उत्पन्न होते रहते है इसलिए गुरुदेव ने स्वाध्याय के दौरान तत्व चर्चा के दौरान बात रखी है और बहुत यह निरंतर इस विषय को ध्यान में रखते हुए हमें चलना चाहिए। जीव का जो विकास होता है वह बुद्धि पूर्वक ही होता है और अबुद्धिपूर्वक भी जीव का विकास होता है और अंतर मुहूर्त में ऑटोमेटिक परिणाम में परिवर्तन होता रहता है । जिसको लेश्या भी कहते हैं और अंतर मुहूर्त परिवर्तनीय वह लेश्या होती है जिसके साथ संबंध रखने वाली योग की जो प्रवर्तनीय हैउसका नाम लेश्या ऐसा आगम में उल्लेख मिलता ।इसलिए नहीं चाहते हुए भी यह परिणाम होंगे और निगोद पर्याय में जिस जीव का वास है जहां पर एक श्वास में 18 बार जन्म और मरण हो रहा है और निरंतर अनंत का संवेदन कर रहा है और यह कर्म फल चेतना की बात आती है ।वह कर्म नहीं कर सकता अर्थात बुद्धि पूर्वक उसकी कोई चेष्टा नहीं होती किंतु पूर्व में बंधा हुआ कर्म है वह उदय में आता तो उसका फल भोगना अनिवार्य सिद्ध होता है ।वह फल निश्चित रूप से भोगेगा और प्रतिकार के भाव हो सकते हैं किंतु प्रतिकार वह चेष्टा के माध्यम से नहीं करता जैसा समझने के लिए एक वृक्ष खड़ा है भिन्न-भिन्न ऋतुओं में जो भी वातावरण निर्मित होता है उस बीच में वह खड़ा है वह दौड़ नहीं सकता ।देखा आपने वृक्ष दौड़ रहा हो यह बात अलग है रेल में बैठे तो लगता वृक्ष भाग रहे हैं किंतु वह अलग परिणति है वह वृक्ष भाग नहीं रहा दौड़ नहीं रहा एक कृषक है उसके हाथ में कुल्हाड़ी है वृक्ष काटने के उद्देश्य को लेकर उसके पास पहुंचा है कुल्हाड़ी का वह प्रहार कर रहा है और प्रत्येक प्रहार का उस वृक्ष को संवेदन हो रहा है। अनंत दुख का संवेदन वह कर रहा है आपको उसका कोई संवेदन दिखाई नहीं देता उसकी जो वेदना है आपकी दृष्टि में नहीं आ सकती समझने के लिए चींटी हैउस पर पैर पड़ जाता तो छटपटाहट होती। इसी प्रकार कोई भी एक्टिविटी उसे वृक्ष को देखने नहीं मिलती इसके उपरांत भी कर्म का फल वह भोग रहा है निरंतर भोगते हुए भी एक वस्तु का परिणमन है नहीं चाहते हुए भी परिणाम में अंतर आता है। कभी तीव्र कभी मंद इस प्रकार वह परिणाम की परिणति चलती रहती है ।उसमें मान लो उसके परिणाम मंदता को लेकर हैं उसे समय ऐसे योग ऑटोमेटिक हो जाता है वहां से निकलकर मनुष्य पर्याय को प्राप्त हो जाता है। मनुष्य पर्याय को प्राप्त उसने कर लिया है इसलिए अतीत के कोई संस्कार होंगे इसलिए प्राप्त कर लिया ऐसा नहीं कहना चाहिए। जहां पर काम करते तो करते हैं सर्वत्र संभव नहीं है ।अनादि काल से उसने निगोद पर्याय में ही उसका परिणमन चल रहा है ऐसी स्थिति में उसके विकास के लिए कौन सा प्रसंग बना जिसके माध्यम से वह ऊपर उठा है ।923 जीव ऐसा है आगम में आया पढ़ने जिसका जन्म कहां पर हुआ है निगोद से निकली है अभी तक अतीत काल में त्रस पर्याय को प्राप्त नहीं किया है बाहर वह पर्याय को प्राप्त कर रहा है उसमें भी चक्रवर्ती के पुत्र बन रहे हैं इसमें भी दो मत मिलते हैं हमने भी सुना है गुरु मुख से एक मत वह है कि वह सिर्फ चक्रवर्ती के पुत्र न बनके पहले गिजाय बोलते उस पर्याय को धारण कर लेते। 923उत्पन्न होकर चक्रवर्ती के पुत्र बन रहे हैं दूसरा मत यह है चक्रवर्ती के वह पुत्र बन रहे हैं हम और आप पुरुषार्थ कर रहे हैं नाक रगड़ रहे इसके उपरांत भी हमारा विकास नहीं हो पा रहा ।पुरुषार्थ निरंतर करते हुए भी विकास नहीं हो रहा तो उसमें अपना उपादान ही मानना पड़ता है ।923 जीव का कौन उपादान हो मन नहीं है मन के अभाव में असंज्ञी अवस्था में उसका विकास हुआ उसका स्वयं का ऐसा परिणमन है।

## बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा की बैठक संपन्न

**पटेरा।** श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर की एक बैठक अतुल चौधरी के सौजन्य से आयोजित की गई। जिसने नवीन सत्र 2024 -25 हेतु नवीन कार्यकारिणी के गठन पर विचार किया गया। सभी सदस्यों ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि जब एक वर्ष के प्रथम कार्यकाल में ही शाखा क्षेत्र की श्रेष्ठ शाखाओं में चुनी गई। हमारी शाखा के अध्यक्ष को पूरे क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का अवार्ड मिला। हमे भगवान पार्श्वनाथ जी का कल्याणक मनाने पर चुनी गई शाखाओं में चुना गया व पारितोषिक भी लॉटरी से प्राप्त हुआ। सभी ने एक मतेन नवीन सत्र हेतु इसी कार्यकारिणी का ही अनुमोदन किया गया। बैठक में अध्यक्ष नरेंद्र बजाज, मंत्री महेश जैन शिक्षक, कोषाध्यक्ष राजेंद्र राही, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र बजाज, उपाध्यक्ष स्वतंत्र सेठ, श्रीकांत बड़कुल, नीलेश सराफ, गोकलचंद जैन, अमित जैन, राकेश जैन, अतुल चौधरी, रवि सराफ, राजेश सेठ, प्रशांत सेठ, मनोज सेठ, जिनेश जैन सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।अंत में शाखा अध्यक्ष नरेंद्र बजाज ने कार्य समिति एवं बैठक आयोजित करने अतुल चौधरी का आभार माना।

### जीतू पटवारी का दमोह आगमन 21 अप्रैल को

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव एवं राज्य सभा सासंद विवेख तन्खा का दिनांक 21 अप्रैल 2024 रविवार को दमोह आगमन हो रहा है वह हेलीकाफ्टर से खजुराहो होकर आचार्य श्री और बड़े बाबा के दर्शन करने कुण्डपुर जायेगे। तत्पश्चात वह लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी तरवर सिंह, पूर्व विधायक अजय टडंन, प्रताप सिंह के साथ जबेरा विधानसभा की तेन्दूखेड़ा में बस स्टैन्ड के पास आयोजित आमसभा को संबोधित करेगे। कार्यक्रम में समस्त कांग्रेस जन, आमजन से उपस्थिति की अपील की है।

### एक अपराधी जिला बदर

**दमोह ।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। लिा मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक भैयो उर्फ जयराम राय पिता अन्नी राय निवासी जबेरा थाना जबेरा को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आस पास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना एवं छतरपुर से आगामी 06 माह अर्थात 180 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है।

### मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार बहुत जरूरी



**दमोह।** मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय सभा कक्ष में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी की अध्यक्षता में जिल ा स्तरीय मातृ मृत्यु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले में हुई मातृ मृत्यु की समीक्षा कर मातृ स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हेतु संबंधित ब्लाक के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया तथा कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी किए जाने हेतु आदेश दिए गए। डॉ. रीता चटर्जी ने कहा कि जब मां स्वस्थ होगी तभी बच्चा स्वस्थ होगा। अतः गर्भवती माताओं की समस्त जांचे, उपचार, टीकाकरण तथा संस्थागत सुरक्षित प्रसव होना बहुत जरूरी है साथ ही मातृ मृत्यु दर को कम करना हम सब की जिम्मेदारी है। बैठक में डीसीएम, लेबर रूम इंचार्ज नर्सिंग अधिकारी एवं संबंधित ब्लॉको से बीएमओ, बीसीएम, सीएचओ, एएनएम व आशा सुपरवाइजर व आशाओं की मौजूदगी रही।

## घर में मिला युवक का शव

**तेंदूखेड़ा।** तेजगढ के माडनखेड़ा में अपने ही घर में बल्लू उर्फ बलराम पिता प्रहलाद लोधी 26 का शव पड़ा हुआ मिला है। लेकिन मृतक के परिजनो ने मौके पर पहुंचकर युवक की मौत को हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जिस कारण पुलिस ने एफएसएल टीम के अलावा फिंगर प्रिंट टीम से घटना स्थल की वारीकी से जांच कराई है। साथ ही पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया साथ ही शव को परिजनो के सुपुर्द किया है। इसके अलावा पुलिस मामले की जांचच कर रही है। मृतक के भाई ने कहां कि एक दिन पूर्व बल्लू का विवाद ग्राम की एक महिला से हुआ था उस समय मै मौके पर गया था और अपने भाई को लेकर घर आ गया था और आज ये घटना हो गई। तेजगढ थाना प्रभारी अभिषेक पटैल ने कहां कि मर्ग कायम कर जॉच की जा रही है। साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगीं।

## शार्ट सर्किट से बैटरी की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 न्यायालय भवन के सामने संचालित खरे बैटरी सर्विसेस की दुकान में बुधवार गुरूवार की दरम्यानी रात्रि में 3.30 बजे विस्फोट के साथ आग लग गई। दुकान के पीछे निवासरत संचालक अरूण खरे ने तुरंत ही 100 डायल को फोन पर सूचना दी लगभग 15 से 20 मिनिट में 100 डायल पहुंची लेकिन फायर वाहन उपलब्ध न होने की स्थिती में घर में रखे पानी से आग पर काबू पाया। संचालक अरूण खरे ने बताया कि दरम्यानी रात करीब 3.30 बजे मेरी दुकान में शार्ट सर्किट की बजह से आग लग गई। आग लगने से 12 बैटरी जिनमें 02 लीथियम, 8 ट्रेक्टर बैटरी, 02 इनवर्टर बैटरी इसके अलावा एलसीडी, डीव्हीआर, चार्जर, पंखा, 04 ट्यूबलाईट, 03 कैमरा, फर्नीचर, 03 इंवर्टर, साथ ही 10 नयी बैटरी आग की लपटों में क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। मेरा लगभग 04 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर जांच में लिया हैं।

## मासूम के ऊपर से निकली बैलगाड़ी, मौत

**दमोह।** मासूम के ऊपर से बैलगाड़ी निकल जाने पर मासूम की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सगौनीकलां ग्राम में मनोहर पिता अमर सिंह उम्र 11 वर्ष निवासी सागोनी कला के ऊपर से बैलगाड़ी निकल गई। जानकारी मिलते ही ग्राम के सरपंच मुकेश सिंह लोधी मासूम को इलाज के लिए परिजनों के साथ जिला अस्पताल लेकर आए थे, जहां ड्यूटी रत डॉक्टर मधुर चौधरी ने चेकअप और ईसीजी कराकर मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# 11 माह से वेतन से वंचित शिक्षक

## लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशों की उड़ रही धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जहां अपनें निर्देष जारी कर प्रदेष के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियो को पत्र जारी किया गया था जिसमें नवीन नियुक्त मा. शिक्षक उच्च.शिक्षक एवं अन्य विभागो से शासकीय लोक सेवक पद पर कार्य कर रहे थे और प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से राज्य शासन में ही उच्च वेतनमान के पद पर चयनित होकर शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे है उन कर्मचारियों के यूनिक कोड/कर्मचारी कोड पूर्व से ही निर्मित है उनके नवीन कर्मचारी कोड किए जाने की आवश्यकता नहीं है ऐसे निर्देष लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी किए गये थे लेकिन हटा सीएम राइज विद्यालय में माह अप्रेल 2023को राजस्व विभाग से शिक्षा विभाग में आए शिक्षक गोपाल साहू का विगत एक बर्ष से आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा वेतन रोका गया है इसी प्रकार अक्टूबर 2021 में पदस्थ उच्च.मा.शिक्षक समीक्षा असाटी का विगत 11 माह से महिला शिक्षक का वेतन रोका गया है जिससे दोनों शिक्षक आर्थिक एवं मानसिक रूप से काफी परेशान होते नजर आ रहे है वही बात की जाए शिक्षा विभाग के आला-अधिकारियो की तो 11माह बीत जानें के बाद इन दोनों शिक्षकों द्वारा कई बार पत्राचार करनें के बाबजूद भी उनके वेतन संबधित किसी प्रकार से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिस कारण यह शिक्षक मानसिक रूप से काफी हद तक परेशानियों का सामना कर रहे है।जबकि देखा जाए तो दमोह जिले की अन्य तहसीलों में एवं प्रदेष के अन्य जिलों में पुराने कर्मचारी कोड पर वेतन भुगतान किया जा रहा है लेकिन हटा विकासखंड में जिम्मेदार आहरण संवितरण अधिकारी की मनमर्जी के चलते वेतन भुगतान के लिए दोनों शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है।

### शिकायत करने के बाद भी अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

देखा जाए तो जहां एक ओर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा अपनें नियम निर्देशों का पालन करानें जिम्मेदार शिक्षा अधिकारियो को पत्र जारी किए जाते है तो दूसरी ओर वही शिक्षा अधिकारी नियमों की धज्जियां उड़ानें का काम करते नजर आ रहे है।ऐसा नहीं है कि वेतन मिलने से परेशान दोनों शिक्षकों द्वारा अपने-अपने स्तर पर सीएम राइज प्राचार्य बीईओ से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में भी अपनी परेशानी से अवगत कराते हुए कई बार पत्राचार कर वेतन दिलाए जानें की मांग की गई परंतु विभाग के आला-अधिकारी द्वारा एक बर्ष बीत जानें को है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान न किया जाना उनकी मनमर्जी तो सामने आ ही रही है साथ ही शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना भी सामने आ रहा है।